हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मार्च 2024


11 चुनाव का पर्व-देश का गर्वः मतदाता जागरूक को मिनी वॉकथॉन का आयोजन



12 तीसरे दिन भी नारनौल मंडी में समर्थन मूल्य पर नहीं हो पाई सरसों की खरीद





## खबर संक्षेप

### पार्क के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** कस्बे के टाउन पार्क के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में रालियावास निवासी सुनील ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। वह बाइक लेकर टाउन पार्क की ओर आया था। बाइक को पार्क के बाहर खड़ी करने के बाद वह घूमने के लिए पार्क में निकल गया। पार्क से वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली।

### मारपीट के आरोप में मां-बेट पर केस दर्ज

**कोसली।** भड़ंगी में एक युवक के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में दलजीत ने आरोप लगाया कि पाइप डालने को लेकर हुए विवाद में मोहित व उसकी मां ने रास्ता रोककर उससे मारपीट की। उसे जमीन पर पटककर लात-घूसों से पीटा। उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### ऑटो चालक के साथ मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** एक ऑटो चालक के साथ मारपीट करने के आरोप में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने दूसरे ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में धामलाका निवासी रामफल ने बताया कि वह बीएमजी एलीगेंट सिट से अंबेडकर चौक तक ऑटो चलाता है। वह सवारियां बैठाने के बाद चौक के लिए निकला था। विनोद ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की। दोनों के बीच राजीनामा हो गया था। इसके बावजूद उसके साथ विनोद ने फिर से मारपीट की।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोर्ट के आदेश पर 27 मार्च को बास बटौड़ी निवासी सत्यवान के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी सत्यवान को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

---

रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति पर सेमिनार

# घर-घर में हो एक ही नारा नशा मुक्त हो भारत देश हमारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों, रेडक्रॉस एवं सैंट जॉन के वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि मनोरोग विशेषज्ञ डा. अनिल यादव मौजूद रहे।

इस अवसर पर अधिवक्ता एसएस सुरेडिया ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को जागरूक किया। इसके साथ ही कानूनी संबंधित जानकारी भी दी गई। डिवीजनल कमांडर टेकचन्द यादव ने मंच संचालन किया। स्लोगन के माध्यम से नशे के कारण नशे के दुष्प्रभाव व दुष्प्रभावों से दूर रहने के बारे में जानकारी दी।






नारनौल। नशा मुक्ति सेमिनार में मौजूद आयोजक व टीबी जागरूकता कैम्प में मौजूद आयोजक। फोटो :हरिभूमि

डा. एसपी सिंह ने सभी अतिथिगण का संस्था की तरफ से स्वागत एवं धन्यवाद किया। इसी के साथ विभिन्न विद्यालयों से आए प्रवक्ताओं डा. सतपाल सुलोदिया, पवित्रा कुमारी, डा. हंसराज गुर्जर, डीपीई मुकेश कुमार, रमेश सोनी, अंजना यादव, नितेश कुमारी, सत्यवीर सिंह ने भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया कि घर-घर का एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा, जन-जन का यही संदेश नशा मुक्त हो अपना देश, जो नशे का हुआ शिकार, उसने फूंक दिया घर-बार और हम सबका एक ही नारा नशा मुक्त हो देश हमारा स्लोगन के माध्यम से प्रतिभागियों की ओर से नारनौल नगर के विभिन्न मार्गों में आमजन को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। सहायक सुभाषचंद, लेखा लिपिक ओमप्रकाश, राजकुमार व्यास, रेखा कुमारी, अरूण कुमार, अमित कुमार व कौशल इत्यादि मौजूद रहे।

### टीबी स्क्रीनिंग जागरूकता कैंप का आयोजन, 267 की जांच

इंदिरा कालोनी स्थित स्लम एरिया में टीबी स्क्रीनिंग कैंप व जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। टीबी अस्पताल से डा. हनु यादव व टीबी हेल्थ विजिटर दीपक प्रकाश, आशा वर्कर पिंकी व माया तथा जयपुर हार्ट एवं जरनल अस्पताल से मनोज मित्तल, डा. आयुष चौधरी व डा. जयश्री की टीम का विशेष सहयोग रहा। टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा ने बताया कि शिविर में 267 लोगों की जांच की तथा टीबी से ग्रस्त संदिग्ध लोगों को नागरिक अस्पताल में जांच करवाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से समय-समय पर किए जाते रहते हैं तथा यह आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस मौके पर राजीव कुमार, लिपिक एवं स्लम एरिया से अतर सिंह, गुरजीत व हनु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

---



नारनौल। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा।

# एडीसी ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

■ युवा नशे से दूर रहकर देश व समाज निर्माण में दें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने वीरवार को जिलोके नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। एडीसी ने जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से निजामपुर रोड पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा वहां पर दाखिल मरीजों से हालचाल पूछा।

एडीसी ने सरकारी अस्पताल में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। यहां के संचालक डा. अनिल यादव को निर्देश दिए कि इस नशा मुक्ति केंद्र पर नशे के रोगियों को भर्ती करके उनका हिदायत के अनुसार इलाज किया जाए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के रिकॉर्ड का भी निरीक्षण किया। एडीसी ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे। ऐसे में युवाओं को खेलों व शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और इस तरह की बुराइयों से दूर रहना चाहिए। अगर कोई युवा नशे का आदी हो गया है तो नशा छुड़वाने के लिए इन केंद्रों में दाखिल करवाएं। युवाओं को नशे से दूर ले जाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर सीएमओ डा. रमेश चंद्र आर्य, डा. अनिल यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# महिमा लालदास की पुस्तक का लोकार्पण

■ बाबा लालदास के जीवन परिचय का वृतांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी कवि एवं साहित्यकार डॉ. त्रिलोक चंद फतेहपुरी हरियाणा द्वारा रचित पुस्तक महिमा लालदास का लोकार्पण लालदास मंदिर फतेहपुर में कांग्रेसी नेता नंबरदार सुरेंद्र यादव, सूबेदार मेजर मक्खन लाल यादव, लाल दास सेवा समिति के प्रधान बसंता राम यादव एवं गांव फतेहपुर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। प्रधान बसंता राम यादव ने बताया कि त्रिलोक चंद ने इस पुस्तक में बाबा लालदास के जीवनवृत्त के साथ-साथ लालदास चालीसा व शिव मंदिर की महिमा का भी वर्णन किया है। दोहा, छंद, कविता, आरती आदि के द्वारा भी बाबा लालदास मंदिर के प्रमुख संतों के चमत्कारों से जुड़ी घटनाओं का भी वर्णन किया गया है। गद्य और पद्य विधा में रचित यह पुस्तक बाबा लालदास के प्रति आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जिसमें गांव फतेहपुर का भी संक्षिप्त परिचय दिया गया है। श्रद्धालुओं व ग्रामीणों को यह पुस्तक मुफ्त वितरित की गई। बाबा लालदास के सभी भक्तों ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही महाशय रामौतार व लोक कवि दलबीर फूल के धमाल, रागनियों के साथ साथ तथा अन्य गायकों सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।




मंडी अटेली। डॉ. त्रिलोक चंद फतेहपुरी की पुस्तक महिमा लालदास का लोकार्पण करते कांग्रेसी नेता नंबरदार सुरेंद्र यादव व गणमान्य।

---

# पौष्टिक आहार की अहम भूमिका

■ महिला एवं बाल विकास विभाग की और से गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ

शहर के सेक्टर तीन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित की किया गया। सीडीपीओ सरला यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति अवॉर्डी मंजू कौशिक मुख्यातिथि व एडवोकेट रेखा व सुमन विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं में आहार एक अहम किरदार निभाता है। महिलाओं को चिकित्सकों की सलाह पर डेयरी प्रोडेक्ट से बने खाद्य पदार्थ हरे फल व सब्जियां अवश्य खानी चाहिए। एडवोकेट रेखा व सुमन ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। महिलाओं को स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण व पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। झम्मूवाली धर्मशाला में आयोजित गर्भवती महिलाओं के गोद भराई कार्यक्रम में सुपरवाइजर शिवानी ने योजनाओं पीएमएमवीवाई, एचएमएमएसवाई व एबीएमबी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी सर्कल सुपरवाइजर,आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्थ वर्कर उपस्थित रही।




महेंद्रगढ़। वार्ड नंबर में आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं।

---

# लोस चुनाव : राजस्थान सीमा पर चलाया अभियान

■ पुलिस ने आवागमन करने वाले वाहनों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सभा चुनाव के मद्देनजर हरियाणा पुलिस व राजस्थान पुलिस ने सीमा पर नाकाबंदी कर सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस की ओर से लगाए गए सीमावर्ती नाके पर चैकिंग के दौरान नांगल चौधरी थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र, पनियाला थाना प्रभारी एसआई मोहर सिंह, आबकारी थाना के पेट्रोलिंग अधिकारी पदम सिंह मौजूद रहे।

प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस की ओर से राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सघन चैकिंग की जा रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है और बॉर्डर नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। नाकों से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग कर रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन नंबर भी नोट किए जा रहे हैं। थाना नांगल चौधरी प्रभारी ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके चुनाव करवाने की कोशिश के तहत सीमा पर नाकाबंदी की गई है और जिले में आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है, साथ ही राजस्थान पुलिस से सूचनाएं भी सांझा कर रही है।



नारनौल। राजस्थान बॉर्डर पर गाड़ी की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

---

# भाजपा- कांग्रेस का सर्मथन नहीं करेंगे राजपूत

■ कुलाना में 31 को किया जाएगा सर्वसम्मति से चुनेंगे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश का गठन होने के बाद से हमेशा राजपूत समाज के साथ भेदभाव होता आया है। भाजपा पार्टी ने किसी भी राजूपत समाज के प्रत्याशी को लोकसभा टिकट नहीं दी। वहीं कांग्रेस पार्टी की संभावित सूची में किसी राजपूत समाज का प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा हैं। उक्त विचार राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश तंवर बसई ने यादव धर्मशाला में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। राजपूत समाज ने निर्णय लिया है कि हरियाणा प्रदेश में राजपूत समाज के साथ भेदभाव के चलते राजपूत समाज भाजपा व कांग्रेस का सर्मथन नहीं करेगा। भाजपा पार्टी द्वारा 10 लोकसभा सीट में से एक सीट पर भी राजपूत प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया, जिससे राजपूत समाज में रोष है। इसके लेकर 31 मार्च को झज्जर के कुलाना में महापंचायत आयोजित कर रोहतक लोकसभा क्षेत्र से 36 बिरादरी के सहयोग से प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। फरीदाबाद, हिसार, भिवानी व महेंद्रगढ़ में जिले में महापंचायत आयोजित प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। इसके बाद सहयोगी पार्टियों व 36 बिरादरी से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजूपत समाज के साथ हमेशा भेदभाव होता आया है। पिछले दिनों सरकार के आदेश पर पुलिस कर्मचारियों ने राजपूत समाज के लोगों पर लाठियां बरसाई थी। वहीं काफी लोगों को जेल भेज दिया गया। अब धीरे-धीरे राजपूत समाज एकत्रित होने लगा है। राजपूत समाज के सभी सामाजिक संगठन उनके संपर्क में हैं। मउन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्ष से राजूपत समाज अन्य समाज के नेताओं को वोट देता आया है, लेकिन इस बार राजपूत समाज को एकत्रित करके प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र राजपूत प्रत्याशी को मैदान में उतारा जाएगा। इस अवसर पर इनेलो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश सिंह शेखावट, यादव राहुल, कृष्ण सिंह राणा, रॉकी शेखावट, रविंद्र झगड़ौली, हीरासिंह, महेंद्र सिंह व लीलू सिंह मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश बसई।

---

# रामगढ़ रोड पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग के आदेश पर विभाग की टीम ने वीरवार को शहरी क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। इससे प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। एक ओर जहां सरकार ने पिछले दिनों काफी अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की दिशा में कदम उठाया है, वही दूसरी ओर कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम ने जेसीबी की सहायता से रामगढ़ रोड पर 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। टीम ने 6 डीपीसी व 12 चारदीवारी आरसीसी को जमींदोज कर दिया। इसके अलावा कच्चे रोड नेटवर्क पर भी तोड़फोड़ की कार्रवाई की। टीम ने रेवाड़ी तहसील की राजस्व सीमा में बने अवैध निर्माण तोड़ दिए। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। डीटीपी कार्यालय में ऐसे निर्माणों की सूची तैयार की जा रही है, जिन पर किसी भी समय जेसीबी चल सकती है।

**दो एकड़ जमीन पर विकसित अवैध कॉलोनी ध्वस्त**



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### डीलरों के चंगुल से बचे लोग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

---

पहल | जिले में एनजीटी के आदेशों की पूर्ण रूप से पालन हो: डीसी मोनिका गुप्ता

# जिले में पर्यावरण संरक्षण की कार्य योजना होगी तैयारी, एडीसी नोडल ऑफिसर नियुक्त

■ डीसी ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले में एनजीटी के आदेशों की पूर्ण रूप से पालन हो। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में अवैध खनन रोकने के लिए बनाई गई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रही थी।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सभी विभाग तालमेल के साथ कार्य करें। अगर कहीं भी अवैध खनन की सूचना मिले तो तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। अवैध खनन में संलिप्त किसी भी नागरिक को छोड़ा नहीं जाएगा। सूचना के लिए संबंधित सरपंचों का सहयोग लिया जाए। पंचायती जमीन पर किसी भी अवैध गतिविधि को रोकना सरपंचों की जिम्मेदारी होती है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। इसमें जल संरक्षण तथा ग्रीन एरिया बढ़ाने आदि पर कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य योजना तैयार करने के लिए एडीसी को नोडल ऑफिसर बनाया गया है।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### यदुवंशी की छात्रा ने आइजीयू में पाया प्रथम स्थान



**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमए इंग्लिश का परिणाम में यदुवंशी कॉलेज की छात्रा उज्ज्वल फौगाट ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ एमए इंग्लिश का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने छात्रा को बधाई देते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है और ऐसे ही शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी चमकता रहेगा। संस्था के वाईस चेयरमैन कर्ण सिंह व चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी छात्रा व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी।

### अजीत बने भाजपा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोस बूथ संयोजक

**मंडी अटेली।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में भाजपा ने लोकसभा बूथ प्रबंधन के 10 लोकसभा में संयोजक बनाए हैं, जिसमें भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा चुनाव का बूथ संयोजक अजीत सिंह यादव कलवाड़ी को बनाया। पिछले चुनाव में वह लोकसभा चुनाव प्रभारी का दायित्व देख चुके हैं। वर्तमान में उनके पास हरियाणा भाजपा कार्यालय हाईटेक रखरखाव का दायित्व है।





नारनौल। चौकी में यजमान को माता का स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।

### टाईगर क्लब ने लगाई माता की चौकी

**नारनौल।** टाईगर क्लब की ओर से बुधवार रात को अतर सिंह यादव के निवास स्थान हुड्डा सेक्टर में माता की चौकी लगाई गई। इस अवसर पर अतर सिंह यादव व उनकी पत्नी यजमान थे। पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाईगर क्लब के प्रधान राकेश यादव, संरक्षक डा. शिवकुमार यादव ने की। प्रधान राकेश यादव ने बताया कि माता की चौकी में माता के भजनों का मधुर गुणगान किया गया।

### प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर धरना

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को 382वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता शेरसिंह बागोत ने की। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि मौके पर विजयपाल, हरिओम पोता, नाथूराम, सतवीर सिंह, बाबूलाल, सूबेदार सुखबीर सिंह, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल आदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

# क्राइम ब्रांच में इंस्पेक्टर बता लड़की के साथ बनी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की एवज में की पैसों की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

वीडियो कॉल कर सेक्सटोर्शन करने व अधिकारी बनकर दो लाख 52 हजार पांच सौ रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान वीरेंद्र वासी नंगला जोगिया बल्लभगढ़ फरीदाबाद व जितेंद्र वासी भीडुंकी थाना हसनपुर पलवल के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित जितेंद्र ने अपना बैंक खाता साइबर जालसाजों को दिया हुआ था और साइबर ठगी में



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

आरोपित वीरेंद्र के भी खाते का उपयोग हुआ था। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित वीरेंद्र पेट्रोल पंप संचालक है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार साइबर ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की टीम ने सेक्सटोर्शन के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में कार्रवाई करते हुए प्रारंभ में पुलिस ने पीड़ित के 80 हजार रुपये ब्लॉक करा दिए थे। इसके बाद मामले में कार्रवाई करते पुलिस ने संबंधित से पत्राचार कर आवश्यक जानकारी हासिल की और आरोपितों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया। मामले की शिकायत महेंद्रगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करवाई। जिसमें उसने बताया कि 29 फरवरी को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई थी। जिसे रिसिव कर लिया। वीडियो कॉल में दूसरी तरफ से नग्न अवस्था में एक लड़की थी, जो अनाफ-सनाफ बातें व हरकते करने लगी। शिकायतकर्ता ने कुछ ही समय बाद फोन को काट दिया था। कुछ समय बाद उसने अपना फोन चैक किया तो कॉल करने वाला नंबर फोन की कॉल हिस्ट्री से दिखाई देना बंद हो गया था। इसके बाद एक मार्च को दोपहर के समय उसके मोबाइल पर एक वीडियो कॉल आई, स्क्रीन पर कॉल करने वाले की डीपी पर पुलिस अधिकारी की वर्दी में एक व्यक्ति दिखाई दे रहा था। जिसने शिकायतकर्ता के कॉल अटैंड करने पर कहा कि वह क्राइम ब्रांच दिल्ली से इंस्पेक्टर बोल रहा है और कहा कि आपने लड़की से आपत्तिजनक बात की है। आपकी व लड़की की न्यूड अवस्था में वीडियो बनी है, जिसको वायरल न करने की एवज में पैसे की मांग की।

### टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके दी थी शिकायत

उनके डराने व धमकाने से घबराहट में शिकायतकर्ता ने दो लाख 52 हजार पांच सौ रुपये जमा करवा दिए थे। शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ तो उसने टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात नंबर से आने वाली वीडियो कॉल्स का जवाब ना दें और साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

## दिन का 38 व रात्रि तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा

# गर्मी दिखाने लगी रंग, तापमान सामान्य से अधिक हो रहा दर्ज

- तापमान में अगले दो दिन में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी की संभावना
- 29 मार्च व 2 अप्रैल को सक्रिय होंगे पश्चिमी विक्षोभ, मौसम में आएगा बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल।

मार्च महीने के शुरूआत से लगातार मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। महीने के अंतिम दिनों में भी लगातार मौसम परिवर्तन शील बना रहेगा, क्योंकि 29 मार्च व दो अप्रैल को दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। जिससे मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इसलिए भारतीय मौसम विभाग ने इस दौरान येलो अलर्ट जारी कर दिया है। यानी मार्च महीने के अंत व अप्रैल महीने के शुरूआत में मौसम में आमतौर पर बदलाव देखने को मिलेगा। जिसके चलते 29 मार्च से तीन अप्रैल तक आंशिक बादलवाही व मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी व बीच-बीच में तेज गति से हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल महीने में पहले पखवाड़े में लगातार मौसम परिवर्तन शील बना रहेगा। इस दौरान आंशिक बादलवाही, धूप छांव का खेल व तेज गति की हवाएं चलेगी, साथ ही तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा, जबकि दूसरे पखवाड़े में गर्मी अपने प्रचण्ड तेवर दिखाने लगेगी।

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान में लगातार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मौसम आमतौर पर परिवर्तन शील के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। राज्य में तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। साथ ही हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान में भी लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। राज्य में रात्रि तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस से 21.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि दिन का तापमान 32 से 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो रहा है। वर्तमान में दिन व रात के तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस से 5.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक बने हुए हैं। आगामी एक-दो दिन में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं जिले में रात्रि तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस व दिन का तापमान क्रमशः 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में रात्रि व दिन का तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक बने हुए हैं। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में लगातार एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मार्च महीने के अंत तक व अप्रैल महीने की शुरूआत में भी मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

**तापमान में हो रही बढ़ोतरी**

| | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 21 मार्च | 15.2 | 34.5 |
| 22 मार्च | 16.8 | 37.0 |
| 23 मार्च | 17.0 | 36.0 |
| 24 मार्च | 17.6 | 35.5 |
| 25 मार्च | 18.4 | 36.0 |
| 26 मार्च | 18.8 | 36.8 |
| 27 मार्च | 19.8 | 37.9 |
| 28 मार्च | 21.2 | 38.5 |

# पुष्पा देवी की पुण्यतिथि पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इलाके की लोकप्रिय शिक्षाविद एवं अनेक शिक्षण संस्थानों की संस्थापक पुष्पा देवी की पांचवीं पुण्यतिथि पर महाराणा प्रताप कॉलेज धनौंदा स्थित उनके स्मृति धाम परमार्थ स्थल पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ पुरोहित पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कहा कि मानव शरीर नश्वर है, लेकिन व्यक्ति के कर्म और विचार अनश्वर हैं। स्वर्गीय पुष्पा देवी अपने उच्च विचारों व सद्कार्यें की वजह से आज भी उनके शिष्यों तथा इलाके के लोगों के हृदय में विराजमान है। यही इस नश्वर संसार में अनश्वरता का उदाहरण है। प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट ने पुष्पा देवी के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला।



नारनौल। स्वर्गीय पुष्पा देवी को श्रद्धांजलि देते गणमान्य जन। फोटो : हरिभूमि

समाजवादी चिंतक रविंद्र यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता प्रहलाद सिंह, प्रोफेसर नवीन जांगड़ा, आशुतोष शास्त्री ने कहा कि पुष्पा देवी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है तथा हम सभी को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए। प्रवेश फोगाट, कैलाश सेठ, प्रोफेसर सतेंद्र सिंह, नरेंद्र कौशिक ने पुष्पा देवी को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षा जगत की प्रमुख हस्ती व जन उत्थान की अग्रदूत बताया। मौके पर प्रसिद्ध लोक गायक अजय जांगड़ा ने पुष्पा देवी के जीवन पर आधारित भजन सुनाकर उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया।

# श्रीराम स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



नांगल चौधरी। श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्राचार्य धर्मबीर दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के चेयरमैन एडवोकेट अनिल मांदी ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान बच्चों को शिक्षा के साथ प्रकृति के संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति ही धरती का श्रृंगार है, जिससे दैनिक उपयोगी सामग्री उपलब्ध होने के साथ जीवन रक्षक दवाइयां मिलती हैं, लेकिन बीते 15-20 सालों से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, दूसरी ओर कारखानों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। जिससे पर्यावरण की स्वच्छता प्रभावित होने से विभिन्न बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया। साथ ही पानी की बर्बादी पर अंकुश नहीं लग पाया है, ऐसे में भीषण पेयजल संकट का खतरा बढ़ गया। समाधान के लिए युवाओं को प्रकृति संरक्षण को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना अनिवार्य हो गया है। इसके बाद कक्षा 11 में अव्वल रहे सुमित कुमार, कक्षा नौवीं में सिमरन, मुकेश को सम्मानित किया गया। आठवीं कक्षा में प्रियंका, पायल व कक्षा सातवीं में समता, हर्ष कुमार, कृष्ण कुमार को पुरस्कृत किया। छठी कक्षा में साहिल कुमार, रजत कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिन्हें स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर में विद्यार्थियों को प्रदर्शन में निखार लाने के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में एमडी संयोगिता यादव, सुनीता चौधरी, राजपाल यादव, डीपीई विजय सिंह ने विचार व्यक्त किए।




### हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजित

**महेंद्रगढ़।** शहर के डुलाना रोड पर स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम स्कूल के प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने घोषित किया। इस दौरान सभी कक्षाओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य ने 30 मार्च को को होने वाले सुंदरकांड व हवन के लिए सभी को आमंत्रित किया। अध्यापक कुलदीप शर्मा व हरीश कौशिक ने मंच संचालन किया। संस्था चेयरमैन कौशल्या अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सभी बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। स्कूल के चेयरमैन सुभाष चंद्र अग्रवाल व प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल ने स्कूल में पहुंचे सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा की सफलता का श्रेय अपने स्कूल के अध्यापकगण व अभिभावकों को दिया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अंत में उन्होंने अपने कर-कमलों से कक्षावार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आरपीएस में जियोइन्फोर्मेटिक्स पर सेमिनार

- सेमिनार में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के भूगोल विभाग में जियो स्पेशियल तकनीक विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार कॉलेज के भूगोल विभाग एवं स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइन्फोर्मेटिक रोहतक के समन्वय से सम्पन्न हुआ। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में अजय देसवाल सीनियर मैनेजर स्काईलाइन इंस्टीट्यूट एवं स्नेहा जूनियर मैनेजर स्काईलाइन इंस्टीट्यूट रोहतक ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह ने



महेंद्रगढ़। सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

अभिभाषण एवं वक्ताओं के स्वागत के साथ की एवं भूगोल विषय में आ रहे नवचारों पर प्रकाश डाला। इस सेमिनार में एमएससी भूगोल के प्रथम व द्वितीय वर्ष एव बीए के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने सेमिनार में जियोईन्फोमेटिक्स एवं ड्रोन तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इनके अनुप्रयोग की चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने आए हुए वक्ताओं एवं अतिथियों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, डीन डॉ. यशपाल शर्मा, पीजी हैड वाईपी सिंह, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. राहुल शर्मा एवं चारु यादव उपस्थित रहे।



### किड्जी स्कूल में नए सत्र पर हुआ हवन

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में नए सत्र पर गुरुवार हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यजमान के पद पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव एवं विनय यादव मुख्य रूप से आसीन रहे तथा चेयरमैन विजय सिंह यादव ने भी इस पवित्र धार्मिक कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सहभागिता निभाई। आचार्य ने विधि -विधान से मंत्र उच्चारण कर आहुति डलवाई। विद्यालय की प्राचार्या विनय यादव ने बताया कि विद्यालय के नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी भी कार्य का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया जाता है। इससे वातावरण सहित मानसिक शुद्धि होती है। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक भावना को बढ़ाता है तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सदैव लाभकारी है। विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि हवन के साथ मंत्र उच्चारण से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है तथा शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ में सभी विद्यार्थियों,अध्यापकों एवं अभिभावकों ने आहुति प्रदान की।

# 325 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सभी कक्षाओं के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए विभिन्न निजी व सरकारी विद्यालयों से विद्यालय में 325 बच्चों ने प्रवेश के लिए परीक्षा देने के लिए पहुंचे। विद्यालय प्राचार्य सुनील गोरा ने अभिभावकों को विद्यालय की पिछली उपलब्धियों व सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के अनुसार राज्य में बनाए गए बनाए गए मॉडल संस्कृति विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबंधित हैं तथा सभी कक्षाओं में इंग्लिश मीडियम हैं। यहां पर सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय भवन, दक्ष अध्यापकगण वह आठ एकड़ में फैला हुआ हैं। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को सरकार की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ प्रदान करना है व अभिभावकगण को निजी विद्यालयों में दे रहे भारी भरकम फीस से बचाना हैं। उन्होंने बताया कि यदि सीटे रिक्त रहती हैं तो अप्रैल माह में फिर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**चुनाव का पर्व-देश का गर्व** | **डीसी मोनिका गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मिनी वॉकथॉन का आयोजन

- सैकड़ों विद्यार्थियों ने हाथ में स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर किया अपने मत का प्रयोग करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

चुनाव का पर्व-देश का गर्व। आमजन को इसी गर्व की अनुभूति कराने के लिए वीरवार को जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय से बस स्टैंड तक मिनी वॉकथॉन का आयोजन किया गया। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नागरिकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। मिनी वॉकथॉन




नारनौल। मिनी वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

को रवाना करने से पहले डीसी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजातंत्र में वोट सबसे बड़ी ताकत होती है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है। वोट का अधिकार हम सब का अधिकार है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हर नागरिक को भारत का संविधान अपना मत देने का अधिकार देता है।

उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में जनता ही सरकार का चुनाव करती है। ऐसे में सभी नागरिकों को अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उपायुक्त ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नागरिकों को वोट देने के लिए लगातार जागरूक करें। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में आम लोकसभा के चुनाव 25 मई को है। ऐसे में यह अभियान लगातार जारी रखें। उन्होंने बताया कि स्वीप एक्टिविटी के तहत आम नागरिकों को मतदान के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाथ में स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में पिछले लोकसभा चुनावों में वोट प्रतिशत 70.81 रहा था। इस बार जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जाएगा। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस की ओर से डा. एसपी सिंह, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, टेकचंद यादव व पवित्रा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

# 10वीं में फेल छात्र अपने पुराने और 12वीं कक्षा में फेल छात्र अपने पुराने टैबलेट से करेंगे पढ़ाई

## 10वीं में प्रवेश लेने पर स्कूल स्टॉक से मिलेंगे टैबलेट, एक सप्ताह के अंदर अवसर एप पर अपलोड करनी होगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नए शिक्षा 2024-25 में विद्यार्थियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर टैबलेट जारी किए जाएंगे। टैबलेट को लेकर स्कूल शिक्षा निदेशालय की तरफ से पत्र जारी किया गया है। स्कूलों को विद्यार्थियों को समय पर टैबलेट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा ईअधिगम के तहत 10वीं, 11वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों को लाईब्रेरी के माध्यम से टैबलेट वितरित किए जाते हैं। बीते शिक्षा सत्र में जिले के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 10वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 14433 विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा टैब दिए गए हैं। वहीं विभाग की ओर से परीक्षा आखिरी से पांच दिन पहले टैबलेट सहित अन्य सामान स्कूल में जमा कराने के निर्देश दिए थे। अब शिक्षा निदेशालय की ओर से विद्यार्थियों को नए शिक्षा में विद्यार्थियों को आंबटित करने के आदेश जारी किए गए हैं। विभाग के आदेश अनुसार विद्यार्थियों एमडीएम के साथ विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए जाने है तथा स्कूल मुखियाओं को एक सप्ताह के अंदर सूची अवसर पर अपलोड करनी होगी।

### यह रहेगी टैबलेट के लिए एसओपी

नए सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं में आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध स्टॉक से टैबलेट्स दिए जाएंगे। यह टैबलेट्स पहले आओ पहले पाओं नियम के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर दिए जाएंगे। यदि राजकीय वरिष्ठ



माध्यमिक स्कूल में पढ़ने वाला विद्यार्थी कक्षा 10 वीं में फेल हो जाता है तथा वर्तमान स्कूल की 10वीं कक्षा में ही पढ़ता है तो वह पूर्व में प्रदान किया गया टैबलेट अपने पास रखेगा। जिन विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा में अस्थाई प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें विद्यालय में उपलब्ध स्टॉक में से टैबलेट्स दिए जाने हैं। अस्थाई प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट्स देते समय अवसर पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित विद्यार्थी द्वारा अपना टैबलेट व सिम पुराने स्कूल में वापस कर दिया गया था।

### ... तो देनी होगी एफआईआर की कॉपी

जिनके टैबलेट गुम व चोरी हो गए तो उन्हें एफआईआर की कॉपी पुराने स्कूल में जमा करवानी होगी। 11वीं कक्षा के विद्यार्थी परीक्षा पास करने के बाद 12वीं कक्षा में अपने टैबलेट्स लेकर आएंगे। यदि कोई विद्यार्थी 12वीं की परीक्षा में फेल होने के बाद दोबारा उसी विद्यालय में 12वीं कक्षा में आता है तो उस विद्यालय में उपलब्ध स्टॉक में से टैबलेट दिया जाना है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### टैबलेट्स में एमडीएम होना अनिवार्य

जिला ई अधिगम नोडल अधिकारी डॉ. एमआर यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को टैबलेट्स



प्रदान करने से पूर्व विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यालय को दिए जाने वाले टैबलेट्स में एमडीएम हो। किसी टैबलेट में एमडीएम न होने की स्थिति में अवसर पोर्टल पर विद्यार्थियों को आवंटित करने के उपरांत अवसर पोर्टल ग्रीवेंस पोर्टल पर ग्रीवेंस डालें। जिन छात्रों के पास पहले से ही टैबलेट है और उसने वापस जमा नहीं करवाया तो ऐसी स्थिति में विद्यालय शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर विद्यार्थी का टैबलेट एमडीएम के लिए चेक करें।

---

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक कल

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में आगामी 14 अप्रैल का भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर भवन महेंद्रगढ़ में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए इस रविवार 31 मार्च को मीटिंग आयोजित की जा रही है। इसलिए समस्त समिति सदस्यों, समाज और बुद्धिजीवियों से इस मीटिंग में सुझाव लिए जाएंगे।

### अखंड रामायण का पाठ 30-31 मार्च को

**नारनौल।** श्रीरामचरित मानस प्रचार मण्डल द्वारा महावीर मार्ग पुरानी सराय में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। प्रधान रामभगत गर्ग ने बताया कि 30 मार्च को सायं 6 बजे से 31 मार्च रात्रि 10 बजे तक निरंतर रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने धर्मप्रेमियों से रामायण पाठ में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### घाटाशेर में 8 को लगेगा नेत्र जांच शिविर

**नारनौल।** स्व. राव उदमीराव की तृतीय पुण्यतिथि पर गांव घाटाशेर में 8 अप्रैल को मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ एवं जीव कल्याण सेवा समिति के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया जाएगा।राव उदमीराम के बेटे एवं नारनौल गोपाल गोशाला के पूर्व प्रधाव राव सुरेश घाटाशेर ने बताया कि गांव की महादेव प्रसाद यादव धर्मशाला में यह शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने के साथ चश्में एवं दवाएं भी निःशुल्क दी जाएंगी।

### फ्लैग मार्च निकाल दिया मतदान करने का संदेश

**नांगल चौधरी।** लोकसभा चुनावों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने डीएसपी हरदीप सिंह की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें लोगों को नीडर होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। चुनावों आपत्ति जनक पोस्ट व भड़काऊ बयानों से दूर रहने की हिदायत दी। नांगल चौधरी में फ्लैग मार्च निकालने के बाद काफिला मेघोत, धोली पहाड़ी, खातोली जाट, धौलेड़ा, नांगल दुर्गू, नयागांव होता हुआ निजामपुर पहुंचा। लोकतंत्र प्रणाली में मतदान प्रक्रिया सबसे बड़ा पर्व होती है। नागरिकों को अपने विवेक से मतदान करने का संदेश दिया। दबाव बनाने या प्रलोभन देने की शिकायत मिलने पर प्रशासन की ओर से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

सरसों खरीद: कहीं किसानों को मिली राहत तो कहीं हाथ लगी निराशा

# तीसरे दिन भी नारनौल मंडी में समर्थन मूल्य पर नहीं हो पाई सरसों की खरीद

अटेली में 272 व नांगल चौधरी में 67.5 क्विंटल सरसों की खरीद, नारनौल में टोकन तो खरीदे, परंतु तीसरे दिन भी नहीं हुई खरीद, किसानों को उठानी पड़ रही परेशानी अधिक नमी बताकर पल्ला झाड़ रहे खरीद एजेंसियों के अधिकारी





नारनौल। मंडी लाई गई सरसों की नमी मापते खरीद कर्मचारी व अधिकारी व नांगल चौधरी मंडी में सरसों की खरीद करते एजेंसी के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अनाज मंडी में तीसरे दिन भी सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद शुरू नहीं हो पाई। मंडी में किसान सरसों लेकर पहुंचे और उनके टोकन भी काटे गए, लेकिन सरसों परचेज नियमों पर खरी नहीं उतर पाई। मंडी लाई गई नई सरसों में नमी अधिक थी, जिस कारण किसी भी किसान की सरसों नहीं खरीदी गई। सरकार ने नमी आठ प्रतिशत निर्धारित की हुई है, लेकिन सभी किसानों की सरसों में इससे कहीं ज्यादा नमी थी, जिस कारण उन्हें सरसों को अच्छी तरह सुखाने के लिए परचेज अधिकारियों ने कह दिया। दूसरी ओर जिले की नांगल चौधरी एवं अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद गुरुवार से शुरू हो गई। अटेली में 272 क्विंटल तो नांगल चौधरी में 67.5 क्विंटल सरसों खरीदी गई है। इनके अलावा महेंद्रगढ़, कनीना एवं सतनाली मंडियों में अभी सरसों की आवक शुरू नहीं हुई है, जिस कारण वहां भी खरीद शून्य पर अटकी हुई है।

### 5650 रुपये समर्थन मूल्य

राज्य सरकार ने गत 26 मार्च से सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरसों की खरीद शुरू कर दी थी, लेकिन जिले की छह मंडियों में पहले व दूसरे दिन कहीं भी खरीद शुरू नहीं हो पाई। खरीद अधिकारियों ने इसका मूल कारण सरसों में नियमों से ज्यादा नहीं होना बताया गया है, जिससे किसान निराश है। अधिकारियों ने किसानों को सरसों अच्छी तरह से सूखाकर एवं साफ-सुथरी लाने की बात कही है। नारनौल मंडी में 27 मार्च को जहां 11 किसान आए थे, वहीं 28 मार्च को 25 किसानों के टोकन काटे गए, जिन द्वारा करीब 460 क्विंटल सरसों लाने का अनुमान है। हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि सरसों में 8 प्रतिशत से ज्यादा नमी नहीं होनी चाहिए और वह साफ-सुथरी नियमों पर खरी उतरती होगी, तभी वह सरसों खरीदने में सक्षम होंगे अन्यथा नहीं। उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी एवं अटेली मंडी में सरसों की खरीद शुरू हो चुकी है और अब मंडियों में सरसों आवक बढ़ने की शुरूआत हो जाएगी।

### शेड्यूल न बनाना बनेगा गले की फांस

मंडियों में सरसों बिक्री का अब तक प्रशासन या सरकार ने कोई शेड्यूल नहीं बनाया है। जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक अलग-अलग गांवों की डेट निर्धारित कर उनका शेड्यूल बनाया जाता था। करीब 20-25 छोटे-बड़े गांवों का एक ग्रुप बनाकर प्रशासन एडवांस में शेड्यूल जारी करता था। इस कारण मंडियों में भीड़-भड़का नहीं होता था। पिछले साल यह शेड्यूल नहीं बनाया गया था और किसानों को पहले आओ पहले टोकन पाओ के आधार पर टोकन जारी किए गए थे। तब मंडियों के बार दो-दो किलोमीटर लंबी लाइनें लग गई थी और मंडियों में सरसों की ढेरियां लगने से कदम रखने तक को जगह नहीं बची थी।

तब उठान में भी परेशानी आई थी और बीच-बीच में कई बार सरसों खरीद बंद करनी पड़ी थी। अबकी बार शेड्यूल जारी नहीं करना खरीद एजेंसी के गले की फांस बन सकता है। अब भी एक अप्रैल में तीन दिन का समय शेष है, जिसमें प्रशासन एवं मार्केट कमेटी मिलकर गांवों का शेड्यूल जारी कर सकते हैं।

### मंडी में पहुंची 125 क्विंटल सरसों नमी और पुरानी सरसों का ऑब्जेक्शन लगाकर 4 ढेरियां की रिजेक्ट

**नांगल चौधरी।** सरकार के निर्देशानुसार नांगल चौधरी अनाज मंडी में वीरवार को सरसों की आवक दर्ज की गई है। विभिन्न गांवों के किसान सात किसान मंडी में करीब 125 क्विंटल सरसों लेकर पहुंचे हैं। नमी होने की वजह से एजेंसी ने चार ढेरियों को रिजेक्ट कर दिया है। जिस कारण संबंधित किसानों को सरसों सूखने तक मंडी में ही रात बितानी पड़ेगी। खरीद एजेंसी ने मंडी वाइज खरीद कमेटी, बारदाना, तुलाई और लिफ्टिंग का टैंडर छोड़ दिया है। सूचना मिलते ही किसानों ने मंडी में आना-जाना शुरू कर दिया था, लेकिन बारदाना व अन्य बंदोबस्त नहीं होने पर उन्हें खरीद में देरी होने की आशंका थी, जिस कारण दो दिनों तक मंडी में आवक रिपोर्ट शून्य रही, तीसरे दिन मूलोदी निवासी किसान सबसे पहले ढेरी लेकर पहुंचा। इसकी देखादेखी में दोपहर 12 बजे तक विभिन्न गांवों के सात किसान जींस लेकर पहुंच गए। गेट पर एंट्री होते ही किसानों को टोकन रिलीज करवाने की हिदायत दी गई थी, लेकिन कृषि विपणन बोर्ड की साइट का अपडेट नहीं किया गया। जिस पर आढ़तियों के नाम टोकन रिलीज करने का ऑप्शन ओपन था, जबकि मार्केटिंग सोसायटी की मार्फत खरीद होनी थी। अव्यवस्था होने पर कर्मचारियों ने सचिव को समस्या से अवगत करवाया, जिन्होंने उच्चाधिकारियों को इमेल भेजकर पोर्टल को अपडेट करने का आग्रह किया। इसके बाद करीब 11 बजे विभाग ने पोर्टल पर मार्केटिंग सोसायटी को ही आढ़ती पंजीकृत किया है। टोकन जनरेट होते ही किसानों ने खरीद कमेटी से संपर्क किया, तब जाकर करीब 12:30 खरीद प्रक्रिया शुरू हो पाई है। इस दौरान कमेटी ने चार ढेरियों पर नमी ऑब्जेक्शन लगाकर रिजेक्ट कर दिया। 40 मिनट की खरीद प्रक्रिया में मात्र 33 क्विंटल सरसों की खरीद संभव हो पाई है। संबंधित किसानों को सूखाकर दुबारा दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद कमेटी की ओर से दोबारा नमी चेक की जाएगी। जिसमें आठ फीसदी या इससे कम नमी मिलने पर खरीद हो सकेगी।

#### पुरानी व नमी वाली सरसों नहीं खरीदेगी एजेंसी

कमेटी के इंचार्ज सुनील चौधरी ने बताया कि शुरूआत के दिन 33 क्विंटल सरसों खरीदी गई है। नमी व पुरानी सरसों होने के कारण चार ढेरियों को रिजेक्ट करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि मंडी में बारदाना पहुंच चुका है, जितनी खरीद होगी उसकी तुलाई उसी दिन करवाई जाएगी। किसानों को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुखाकर नई सरसों ही मंडी में आने की सलाह दी।

### एक बार में एक किसान बेच सकता है 25 क्विंटल सरसों

मंडी आने वाले किसानों को एकबार में केवल 25 क्विंटल सरसों ही लेकर आनी चाहिए, क्योंकि एकबार में केवल 25 क्विंटल सरसों की ही खरीद की जानी है। इससे ज्यादा सरसों हुई तो किसानों को दूसरे राउंड में शामिल होना होगा। खरीद एजेंसी के प्रबंधक रोशन लाल यादव ने बताया कि एकबार में एक किसान की केवल 25 क्विंटल सरसों खरीदने के आदेश हैं। यदि किसान ज्यादा सरसों लेकर आते हैं तो उन्हें वापस लेनी पड़ेगी। इससे ज्यादा खरीद नहीं सकते।



### अटेली मंडी में 18 गेट पास कटे, 12 किसानों की 382 में से 272 क्विंटल सरसों की खरीद

**मंडी अटेली।** रबी सीजन 2023-24 के तहत अटेली अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। सरकारी खरीद सचिव सुनीता फोगाट, सहायक सचिव संजय, हैफेड के परचेजर बलजीत, प्रबंधक सतेंद्र यादव व पंकज सुपरवाईजर खरीद के मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे।

- समर्थन मूल्य 5650 रुपये में हो रही खरीद

खरीद एजेंसी ने नमी की मात्रा का माप कर सरकारी खरीद शुरू की। अटेली अनाज मंडी में करीब 40 आढ़ती खरीद करते हैं, लेकिन इस समय सरसों की खरीद अटेली मार्केटिंग सोसायटी की तरफ से हो रही है। मार्केटिंग सोसायटी अटेली मंडी के पूर्व चेयरमैन हरीश लहरोदा ने बताया कि सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर अब 5650 रुपये से खरीद कर रही है। अटेली अनाज मंडी में पिछले साल भी किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी गई। चेयरमैन ने मार्केट कमेटी व खरीद एजेंसी के कर्मियों व अधिकारियों से बाधा रहित किसानों की सरसों की खरीद सुचारू करने की मांग की है। अटेली में 31484 रकबे में 10716 किसानों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। कृषि उपज विपणन समिति अटेली की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव सुनीता फोगाट ने बताया कि मंडी में खरीद के बिजली, पानी व दूसरी जरूरी सुविधाएं कर दी गई है। मंडी में किसान को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सोसायटी के प्रबंधक ने सत्येंद्र यादव ने बताया कि किसान सरसों को सुखाने की साथ साफ करके लाएं। 8 प्रतिशत से अधिक नमी वाली सरसों को नहीं खरीदा जाएगा। जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा के पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले किसानों की खरीद करेगी। पहले दिन मंडी में 18 गेट पास कटे, जिसमें 12 की 382 क्विंटल में से 272 क्विंटल सरसों की खरीद हुई। उन्होंने कहा कि लेबर की कमी चली आ रही है। इसलिए किसान एक अप्रैल से अपने सरसों से लाएंगे तो किसी प्रकार का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

---

### नाबालिग से दुष्कर्म में आजीवन कारावास, 55 हजार का जुर्माना

**नारनौल।** नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को न्यायालय ने कठोर कारावास की सजा व 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने लीगल एड को पीड़िता के परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश दिए है। मामले में की ओर से की गई उत्कृष्ट पैरवी पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वीरवार को अमनदीप दीवान स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो की कोर्ट ने आरोपित विकास को दोषी करार देते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है व जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने दोषी विकास को धारा 506 आईपीसी के तहत दो वर्ष कठोर कारावास, धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अंतिम सांस तक कठोर कारावास की सजा व धारा 12 पॉक्सो एक्ट के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा तथा 55 हजार रुपये जुर्माना का जुर्माना लगाया है।

#### यह था मामला

मामले के अनुसार छह मई 2020 को नाबालिग पीड़िता के परिजन के ब्यान पर थाना कनीना में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें दोषी विकास पर नाबालिग के साथ गलत काम करने, पीछा करने और परेशान करने के आरोप थे। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना कनीना पुलिस ने अविलंब अभियोग पंजीबद्ध किया था। इसके बाद नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष ब्यान करवाए गए तथा जांच इकाई की ओर से महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आंकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। मामले की सुनवाई अमन दीप दीवान स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो की कोर्ट में हुई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान उप जिला न्यायवादी भारत भूषण दहिया ने अभियोजन के पक्ष में प्रभावशाली पैरवी करते हुए न्यायाधीश के सम्मुख दलीलें पेश करते हुए दोषी को सजा दिलाने में भूमिका निभाई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले को बहुत ही संगीन माना और जांच इकाई की उत्कृष्ट पैरवी व प्रॉसीक्यूशन की ओर से पेश की गई मजबूत दलीलों से दोषियों की सजा में कोई नरमी नहीं बरती।



### पुलिस ने स्पेशल अभियान चलाकर काटे 325 से अधिक वाहनों के चालान

**नारनौल।** पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशानिर्देशों में डीएसपी मोहिंद्र सिंह के नेतृत्व में यातायात नियमों की पालना करवाने हेतु वीरवार को पुलिस ने दोपहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 325 से अधिक वाहन चालकों के चालान किए। प्रबंधक थाना यातायात सहित सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए थे कि यातायात नियमों की पालना करवाने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती करते हुए चालान किए जाए। इस दौरान थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक नरेश ने नेशनल हाईवे 152-डी टोल प्लाजा पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक किया और अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाए, रॉन्ग साइड में वाहन न चलाए, तेज गति से वाहन न चलाए, शराब पीकर वाहन न चलाए। जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सकें।

---

### घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** गांव राता खुर्द में घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ करने का पुलिस ने मामला दर्ज किया है। महिला ने उसका पति जितेंद्र दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। वह होली के त्यौहार पर घर आए हुए थे। 26 मार्च को सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट उसके पति सुबह सैर के लिए गए हुए थे। उसी समय लोकेश उसे घर में अकेली पाकर घर में घुस आया तथा उसे पीछे से पकड़ लिया तथा गलत हरकत करने की कोशिश करने लगा। शोर सुनकर पति जितेंद्र, पड़ोसी दीपक, महेश, संजीगिता व नीरज आ गए तथा उनको आता देख वह हड़बड़ाहट में भागने लगा तथा दरवाजे के पास गिर गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005


मियाद खत्म होने से परेशानी, डीसी से बोले वकील, आमजन को परेशानी

# डीसी कोर्ट में अपील और नए दावे नहीं हो रहे स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त के न्यायालय में नए दावे या अपील स्वीकार नहीं किए जाने से दायरी की कालावधि समाप्त होने के कारण होने वाली तकनीकी दिक्कत के चलते आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में अधिवक्ताओं ने बताया कि गत कुछ समय से उपायुक्त मोनिका गुप्ता के न्यायालय के रीडर यह कहते हुए नए दावे या अपील स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि उन्हें डीसी साहिबा ने मना किया हुआ है कि उनकी अनुमति के बिना नए दावे या अपीलों की फाइलिंग न की जाए। वकीलों का यह भी कहना है कि उपायुक्त कई दिनों से ना तो न्यायालय में बैठ रही हैं और ना ही वकीलों या पक्षकारों से अपने कार्यालय में मिल रही हैं। ऐसे में नए दावों व अपीलों के दायर करने की मियाद निकल रही है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि मुकदमों के दायर करने की मियाद निकलने के कारण कानूनी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दावों की फाइलिंग हो जाए व दायर करने की रसीद मिल जाए तो मुकदमों की मियाद समाप्ति की तकनीकी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। अधिवक्ताओं ने कहा कि उपायुक्त के न्यायालय में बैठने का कोई समय निश्चित नहीं है, यदि वकील अपने जूनियर वकीलों या मुंशियों को भेजते हैं, तो उन्हें तारीख भी नहीं दी जाती है। इससे भी वकीलों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।




इस समस्या के निदान हेतु करीब 50 अधिवक्ता उपायुक्त कार्यालय के सामने एकत्रित हुए। इसके बाद उपायुक्त ने वकीलों के प्रतिनिधि मंडल से मिली। इस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ एडवोकेट, सचिव सुमित चौधरी, पूर्व सचिव अनिल बवानिया, विकास शर्मा सहित अन्य वकील शामिल थे। इस अवसर पर वकीलों ने उपायुक्त से कहा कि रीडर दावों व अपीलों की फाइल को लेकर, दायरी की रसीद दे दे, ताकि उनके दावे व अपील मियाद के भीतर दायर हो सकें। इस पर उपायुक्त ने इस संबंध में अपने न्यायालय के कर्मचारी को निर्देश दिए। इस मौके पर नीरज बड़ेसरा, रंधावा सिंह, रविकांत शर्मा, सुरेंद्र सैनी, हितेश यादव, जयवेंद्र यादव, शुभम शर्मा, नितेश भारद्वाज, हर्षद शर्मा, दुलीचंद गुर्जर, वीरेंद्र चंदेला, बाबूलाल शर्मा, नवीन जांगड़ा, नितिन शर्मा मौजूद रहे।

### पुलिस की कार्रवाई से भी वकील खफा

उपायुक्त से मिलने के बाद अधिवक्ताओं ने बताया कि जब वकील उपायुक्त से मिल रहे थे, तब एक पुलिस कांस्टेबल ने हाथ का बल प्रयोग करके एक वकील को उपायुक्त की मेज से काफी दूर रोक दिया। इस पर पूर्व प्रधान मनीष वशिष्ठ ने भारी एतराज जताया और कहा कि वकील आम जनता की समस्या के लिए उपायुक्त से मिलने आए हैं, वकील कोई बदमाश नहीं हैं, जो उन्हें इस तरह से पुलिस बल का प्रयोग करके रोक रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों व जनता के बीच के संवाद से ही समस्याओं का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का आचरण आमजन के मन में भय पैदा करने वाला है, जो उचित नहीं है।